http://amritkalashtimes.com

# अमृत कलश टाइम्स

वर्ष : 18
अंक : 13

प्रयागराज शुक्रवार 27 सितम्बर 2024

पृष्ठः- 4, मूल्यः- एक रूपया

## पीएम का पुणे दौरा रद्द

**● शहर में भारी बारिश की स्थिति को देखते हुए लिया गया फैसला**




मुंबई,(एजेंसी)। भारी बारिश के कारण पुणे और पिंपरी चिंचवड़ में स्कूल–कॉलेज बंद रखने का फैसला लिया गया है। मुंबई पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और मौसम विभाग की तरफ से जारी चेतावनी को गंभीरता से लेने की अपील की है। रेलवे परिचालन भी प्रभावित हुआ है। महाराष्ट्र में भारी बारिश के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना पुणे दौरा रद्द करना पड़ा। दरअसल, महाराष्ट्र के कई शहरों में भारी बारिश के कारण हालात चिंताजनक हैं। सड़कों पर जलभराव के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस बीच पीएम मोदी गुरुवार को राज्य का दौरा करने वाले थे। वे यहां पुणे मेट्रो ट्रेन के शुभारंभ के साथ ही वह 22,600 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास भी करने वाले थे। हालांकि, बारी बारिश को देखते हुए उन्हें अपना दौरा रद्द करने का फैसला लेना पड़ा। स्कूल–कॉलेज बंद रखने का लिया गया फैसला भारी बारिश के कारण पुणे और पिंपरी चिंचवड़ में स्कूल–कॉलेज बंद रखने का फैसला लिया गया है। मुंबई पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और मौसम विभाग की तरफ से जारी चेतावनी को गंभीरता से लेने की अपील की है। रेलवे परिचालन भी प्रभावित हुआ है। मूसलाधार बारिश के कारण गोवंडी–मानखुर्द के बीच चलने वाली मुंबई लोकल ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित हुआ। आईएमडी ने पुणे जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। नागरिकों को बेवजह घरों से बाहर न निकलने और सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। पीएम मोदी इन योजनाओं का करने वाले थे उद्घाटन पीएम राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के तहत स्वदेशी रूप से विकसित लगभग 130 करोड़ रुपये की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर भी राष्ट्र को समर्पित करने वाले थे। इन सुपरकंप्यूटरों को पुणे, दिल्ली और कोलकाता में अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान की सुविधा के लिए तैनात किया गया है।

## ‘पाक समर्थित दलों के साथ कांग्रेस’




**● आरक्षण विरोधी चेहरा आया सामने, रामगढ़ में बरसे सीएम योगी**

जम्मू,(एजेंसी)। जम्मू –कश्मीर के तीसरे चरण के विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज जम्मू–कश्मीर पहुंचे हैं। यहां उनकी तीन रैलियां है। भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची में योगी फायर ब्रांड नेता माने जाते हैं। जम्मू–कश्मीर के रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तानी समर्थित दलों के साथ है। कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आ गया है। योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, श्मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जो जम्मू–कश्मीर के लिए अलग झंडे की बात की है क्या वे उसका समर्थन करते हैं? क्या राहुल गांधी नेशनल कॉन्फ्रेंस की अनुच्छेद 370 और 35। को वापस लाने और जम्मू–कश्मीर को अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने की मांग का समर्थन करते हैं? क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं की कीमत पर पाकिस्तान से बात करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है? उधमपुर में अमित शाह की रैली उधमपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, श्यहां भाजपा की सरकार आने पर हम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की सालाना किस्त 6 हजार से बढ़ाकर 10 हजार करेंगे। जम्मू में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनेगा, जम्मू में मेट्रो आएगी। हम हर साल आतंकवादियों द्वारा नष्ट किए गए 100 मंदिरों का जीर्णोद्धार करेंगे। हम अग्निवीरों को शत–प्रतिशत नौकरी देने का काम करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्र विरोधी मंसूबेः योगी आदित्यनाथ दुनियाभर के लोगों की निगाह इस चुनाव में लगी हुई है। ऐसे महत्वपूर्ण चुनाव में इंडी गठबंधन को नेतृत्व करने वाली कांग्रेस ने नेशनल कॉफ्रेंस के साथ गठबंधन करके फिर से अपने राष्ट्र विरोधी मंसूबों को देश के सामने रख दिया है।

**कांग्रेस के राष्ट्र विरोधी मंसूबेः योगी**

● इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तानी समर्थित दलों के साथ है। कांग्रेस का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आ गया है। योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस ने जो जम्मू-कश्मीर के लिए अलग झंडे की बात की है क्या वे उसका समर्थन करते हैं? क्या राहुल गांधी नेशनल कॉन्फ्रेंस की अनुच्छेद 370 और 35। को वापस लाने और जम्मू-कश्मीर को अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने की मांग का समर्थन करते हैं? क्या कांग्रेस कश्मीर के युवाओं की कीमत पर पाकिस्तान से बात करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?


## ऑस्ट्रेलिया के साथ कार्य और अवकाश वीजा की नयी व्यवस्था पहली अक्टूबर से: गोयल

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच कार्य (नौकरी) एवं अवकाश वीजा की नयी व्यवस्था पहली अक्टूबर से लागू होगी और इससे दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क बढ़ेगा। श्री गोयल हाल में ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर थी जहां उन्होंने उद्योग और व्यावसायिक क्षेत्र के कई कार्यक्रमों में भाग लेने के अलावा ऑस्ट्रेलिया के नेताओं और अधिकारियों



के साथ बातचीत की। श्री गोयल ने आज सोशल मीडिया पर इस यात्रा के बारे में एक पोस्ट में कहा,"ऑस्ट्रेलिया की एक बहुत ही उपयोगी यात्रा संपन्न हुई जो कई प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत करेगी और सहयोग के नए क्षेत्र खोलेगी।" वाणिज्य मंत्री ने इसी पोस्ट में आगे लिखा है, "मैं यात्रा के दौरान यह जानकर खुश हूं कि भारत–ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते के अंतर्गत शामिल प्रमुख प्रतिबद्धताओं में से एक कार्य और अवकाश वीजा संबंधी प्रतिबद्धता , 1 अक्टूबर 2024 से चालू हो जाएगी जो गतिशीलता की सुविधा प्रदान करेगी और लोगों से लोगों के बीच जुड़ाव को गहरा करेगी।"

## पश्चिम महाराष्ट्र की 58 में से 50 सीटें जीतने का लक्ष्य: अमित शाह




**● आतंकवाद को हम पाताल तक दफन करके ही हम दम लेंगे, उमर अब्दुल्ला को चुनौती देते हुए बोले शाह**

कोल्हापुर,(एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का आह्वान किया है कि वे गठबंधन सहयोगियों के साथ मिलकर काम करते हुए पश्चिमी महाराष्ट्र की 58 में से 50 विधानसभा सीटें जीतने के लक्ष्य के लिए तैयार रहें। श्री शाह ने यहां महासैनिक दरबार हॉल में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की मौजूदगी में कोल्हापुर, सांगली, सतारा और सोलापुर समेत पश्चिमी महाराष्ट्र के वरिष्ठ नेताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, "तीनों सहयोगी दलों के चुनाव चिह्न को एक मानकर सत्ता हासिल करना संभव है। राज्य सरकार श्लड़की बहनश सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है और कार्यकर्ताओं को इन योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना चाहिए।" उन्हेंने कार्यकर्ताओं से अगले एक महीने में गठबंधन को सत्ता में वापस लाने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया और ऐसा कुछ भी न करने को कहा जिससे महायुति को नुकसान पहुंचे। उन्होंने कहा , " हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में हमारे नेता नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। जो लोग केवल प्रधानमंत्री और मंत्री पद के लिए चुनाव लड़े थे, वे असफलता के बाद निराश हो गए, लेकिन हमारी पार्टी ने देश के विकास के लिए चुनाव लड़ा। इस मौके पर केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, पर्यावरण मंत्री रावसाहेब दानवे, मंत्री मुरलीधर मोहिल, चंद्रकांत पाटिल सुरेश खाड़े समेत अन्य लोग मौजूद थे। इसी दौरान इचलकरंजी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक प्रकाश अवाडे और उनके बेटे राहुल श्री शाह की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हुए। उमर अब्दुल्ला को चुनौती देते हुए शाह ने कहा कि आतंकवाद को हम पाताल तक दफन करके ही हम दम लेंगे। किसी की ताकत नहीं है, जो जम्मू–कश्मीर में फिर से आतंकवाद लेकर आए। अब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है। उन्होंने कहा कि हमारी देश की संसद पर जिस अफजल गुरु ने हमला करवाया उसकी फांसी की सजा का ये लोग विरोध कर रहे हैं।

## सड़कों के लंबित कामों को जल्द पूरा किया जायेगा: केजरीवाल

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। आम आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उनके जेल जाने के बाद सड़कों के काम लंबित पड़े हैं उन्हें जल्द पूरा किया जायेगा। श्री केजरीवाल में मुख्यमंत्री आतिशी के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय की सड़क की स्थिति का निरीक्षण करने के बाद आज पत्रकारों से कहा , "मैं दिल्ली के लोगों से कहना चाहता हूं कि चिंता न करें। मैं आ गया हूं और हम सभी लंबित काम शुरू करेंगे। अभी हम दिल्ली विश्वविद्यालय में खड़े हैं। यहां की सड़क टूटी हुई है। मैंने मुख्यमंत्री आतिशी से बात की है, इसे जल्द ठीक किया जाएगा। दिल्ली की अन्य सड़कों की भी मरम्मत की जाएगी।" उन्होंने कहा , "कुछ दिनों पहले भाजपा के एक नेता से मिला। मैंने उनसे



पूछा कि मुझे गिरफ्तार कर आप लोगों को क्या फायदा हुआ? उनके जवाब सुनकर भौचक्का रह गया। उनका मकसद सरकार को अस्थिर करके दिल्ली की जनता के कामों को रोकना था। अब मैं, दिल्ली वालों से कहने आया हूं कि मैं जेल से बाहर आ गया हूं. जनता का कोई काम नहीं रुकने दूंगा. दिल्ली के सभी रुके हुए काम तीव्र गति से पूरे किए जाएंगे।

## शहरी नक्सलियों की प्रवक्ता बन गयी है कांग्रेस, विघटनकारी ताकतों को देती है बढ़ावा: जेपी नड्डा

ओडिशा,(एजेंसी)। जेपी नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र राजनीतिक दल है जिसकी एक विचारधारा है। यह सबसे पारदर्शी, लोकतांत्रिक और प्रगतिशील पार्टी है। हमारी पार्टी में हम जमीनी स्तर से आकर नेतृत्व करने वाले लोगों का सम्मान करते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं और भाई–भतीजावाद के लिए कोई जगह नहीं है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ओडिशा में सदस्यता अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस को शहरी नक्सलवाद का प्रवक्ता करार दिया। नड्डा ने शुरूआत में कहा कि आप भाजपा के सदस्य बन रहे हैं, तो मैं कुछ बातें आपके ध्यान में लाना चाहता हूं। ताकि आपको ये महसूस हो और विश्वास हो कि आप अगर भाजपा के सदस्य बन रहे हैं, तो आप सही काम कर रहे हैं और सही जगह जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में लंबे समय से हूं। इस देश में लगभग 5 हजार छोटी–बड़ी पार्टियां हैं और लगभग 50 के आसपास सक्रिय पार्टियाँ हैं। लेकिन भाजपा अकेली ऐसी पार्टी है, जो राष्ट्रीय पार्टी है, लोकतांत्रिक पार्टी है, विचारधारा पर आधारित पार्टी है,



कैडर आधारित पार्टी है। जेपी नड्डा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र राजनीतिक दल है जिसकी एक विचारधारा है। यह सबसे पारदर्शी, लोकतांत्रिक और प्रगतिशील पार्टी है। हमारी पार्टी में हम जमीनी स्तर से आकर नेतृत्व करने वाले लोगों का सम्मान करते हैं और उन्हें प्रोत्साहित करते हैं और भाई–भतीजावाद के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी हमारी सदस्यता चल रही है। इस सदस्यता के बाद सक्रिय सदस्य बनेंगे। फिर मंडल का चुनाव होगा, फिर जिले का चुनाव होगा, फिर राज्य का चुनाव होगा और राज्य में चुने गए लोग राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनेंगे। ये प्रक्रिया सिर्फ भाजपा में ही होता है। इसलिए हमारे यहां किसी नेता का बेटा नेता नहीं बनता, बल्कि जमीन से आया हुआ कार्यकर्ता ही नेता बनता है। विपक्ष पर वार करते हुए नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शहरी नक्सलियों की प्रवक्ता बन गयी है। वह देश में विघटनकारी ताकतों को बढ़ावा देने का काम कर रही है। लेकिन, जब से बीजेपी सत्ता में आई है, कांग्रेस जैसी पार्टियां बेचौन हो गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पिछली सदस्यता 18 करोड़ रही थी। हमारे यहां हर 6 साल के बाद चाहे कोई भी हो, प्रधानमंत्री जी से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष और साधारण कार्यकर्ता तक सब की सदस्यता समाप्त हो जाती है। और फिर से नया सदस्य बनना पड़ता है। इसलिए 2 सिंतबर को प्रधानमंत्री जी पहले सदस्य बनें, फिर मैं सदस्य बनाया।

## सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत मंजूर की

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से संबंधित धन शोधन के एक मामले में तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका को गुरुवार को सशर्त मंजूरी दे दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और याचिकाकर्ता की दलीलें विस्तारपूर्वक सुनने के बाद पूर्व मंत्री की जमानत याचिका मंजूर की।




शीर्ष अदालत ने 12 अगस्त को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने मुकदमे की सुनवाई में शुरू होने में देरी का आधार मानते हुए बालाजी की याचिका स्वीकार की। मद्रास उच्च न्यायालय ने 28 फरवरी को और उससे पहले सत्र न्यायालय ने बालाजी की जमानत याचिका खारिज कर दी थीघ्। उच्च न्यायालय में राहत नहीं मिलने के बाद उन्होंने शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम नेता बालाजी को ईडी ने 14 जून 2023 को धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ तमिलनाडु परिवहन विभाग में बस कंडक्टरों, ड्राइवरों और जूनियर इंजीनियरों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं का आरोप हैघ्।

ईडी ने इसी से जुड़े धनशोधन का मामला दर्ज किया था। अनियमितताओं का यह मामला कथित तौर पर 2011 से 2015 की अवधि में उनके परिवहन मंत्री के कार्यकाल के दौरान का है।

## ‘बनने जा रही कांग्रेस की सरकार’

**● हरियाणा चुनाव, राहुल गांधी की दूसरी रैलीः बोले– मेरी छवि खराब करने पर हजारों करोड़ खर्च किए, मीडिया मेरा चेहरा नहीं दिखाता**




हरियाणा,(एजेंसी)। राहुल ने इस दौरान कहा कि ने कहा कि हरियाणा के युवा अमेरिका क्यों जा रहे हैं? जब मैं अमेरिका में डलास गया तो मैंने देखा कि एक कमरे में 15–20 लोग सो रहे थे। एक युवा ने मुझे बताया कि उनमें से कई ने अमेरिका आने के लिए लगभग 30–50 लाख रुपये का भुगतान करने के लिए ऋण लिया या अपनी जमीन बेच दी। हरियाणा के चुनावी दंगल में कांग्रेस अपनी पूरी ताकत लगा रही है। आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी भी चुनावी प्रचार के लिए करनाल पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर वार किया और लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हरियाणा चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराएगा! हमारी सरकार सबके लिए होगी। इस दौरान उनके साथ मंच पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कुमारी शैलजा भी मौजूद रहे। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानें राहुल ने इस दौरान कहा कि ने कहा कि हरियाणा के युवा अमेरिका क्यों जा रहे हैं? जब मैं अमेरिका में डलास गया तो मैंने देखा कि एक कमरे में 15–20 लोग सो रहे थे। एक युवा ने मुझे बताया कि उनमें से कई ने अमेरिका आने के लिए लगभग 30–50 लाख रुपये का भुगतान करने के लिए ऋण लिया या अपनी जमीन बेच दी। उन्होंने आगे कहा कि जब मैंने उनसे कहा कि वे उसी राशि का उपयोग हरियाणा में व्यवसाय शुरू करने के लिए कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसा करना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मैं करनाल गया, तो मैंने देखा कि एक बच्चा कंप्यूटर पर चिल्लाते हुए अपने पिता से पूछ रहा था। एक वीडियो कॉल के दौरान (अमेरिका से) लौटने के लिए। उन्होंने भाजपा पर वार करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार ने राज्य और इसके युवाओं को समाप्त कर दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि कोई युवा गरीब है और करोड़पति का बेटा नहीं है, तो वह या तो ऋण प्राप्त कर सकता है या व्यवसाय शुरू कर सकता है या सार्वजनिक क्षेत्र में नौकरी खोज सकता है या सेना में शामिल हो सकता है। आपके (हरियाणा के लोगों) लिए सभी दरवाजे बंद हो गए हैं। राहुल गांध ने कहा कि हरियाणा की हालत को हम बदलना चाहते हैं। राहुल ने यह भी वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हमारा पहला कदम, महिला शक्ति 2000 रुपए, 500 रुपए।

# चिंता का सबब

उत्तराखंड में चार धाम यात्रा में पिछले साल की तुलना में दोगुने यात्री पहुंच रहे हैं। यह वाकई हर किसी के लिए चिंता का सबब है। बेतहाशा बढ़ती भीड़ और अव्यवस्था के चलते बारह यात्रियों की मौत हो चुकी है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी रैली छोड़ कर देहरादून पहुंचे। बैठक लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि 31मई तक सभी वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। यात्रा मार्गों पर भीषण जाम है, तीर्थयात्री घंटों–घंटों उनमें फंसे हैं। कुछ की तबीयत बहुत बिगड़ गयी।

कुछ श्रद्धालुओं को आधे रास्ते से ही वापस लौटना पड़ा। जबरदस्त भीड़ को देखते हुए पंजीकरण दो दिन के लिए रोके जा चुके हैं। यह सच है कि वीआईपी कल्चर के चलते होने वाली व्यवस्थागत गड़बडियों को नजरंदाज किया जाता है। खासकर इस तरह के बड़े तीर्थस्थानों तथा धार्मिक स्थलों में खास लोगों के लिए की जाने वाली व्यवस्था में पुलिस व सुरक्षा बलों की बड़ी संख्या जुटती है। ऐसे में आम नागरिक की तरफ से ध्यान हट जाता है।खुद को अलग और विशेष मानने वाला बड़ा वर्ग है अपने यहां, जो अपनी समृद्धि और ताकत का प्रयोग कर अपनी विशिष्टता दर्शाने में संकोच नहीं करता। निरूसंदेह खास लोगों की आस्था का भी ख्याल रखा जाना जरूरी है। मगर यह आम आदमी की असुविधा या अपमान के साथ न किया जाए।

यह कहना अतिश्योक्ति होगा कि लोगों की आस्था का विस्तार तेजी से हो रहा है। अब लगभग सभी बड़े व प्रसिद्ध तीर्थस्थलों में बेतहाशा भीड़ लगने लगी है। रही बात पंजीकरण की तो अभी भी देश में ऐसा तबका है, जिसे नियमोंः पाबंदियों के विषय में जानकारी नहीं मिल पाती।उनके पास इतना धन भी नहीं होता कि वे एकाध दिन कहीं रुक कर इंतजार कर सकें। दो सौ मीटर के दायरे में फोन के प्रयोग जैसी पाबंदी श्रद्धालुओं के लिए बड़ी समस्या साबित हो सकती है। तस्वीरें निकालने या रील बनाने वालों से निपटने के और रास्ते खोजने की जरूरत है।

नियमों व पाबंदियों की आड़ में आस्था पर प्रहार से बचने के प्रयास होने चाहिए। चार धाम जैसी यात्रा करने वाले वर्षो से इसकी तैयारी करते हैं, तब निकलते हैं। वे आम भक्त हों या खास, उनकी भावनाओं की अनदेखी करने को कतई उचित नहीं कहा जा सकता।

# आज का राशिफल



डॉ बिपिन पाण्डेय
ज्योतिष विभाग
लखनऊ विवि

मेष–आज मन खुश रहेगा व जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति के आसार हैं आपको थोड़ा संयम से रहने की आवश्यकता होगी। आपके परिवार का कोई सदस्य आपके लिये मार्गदर्शक बनेगा। थकान महसूस होगी। आराम के लिए समय निकालें।

वृष –आज आपको स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता होगी। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य हासिल करने में थोड़ी अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है लेकिन उन्हें इस कड़ी मेहनत का अपेक्षित परिणाम भी हासिल होगा। दिन की शुरुआत में आपको थोड़ा सचेत रहने की आवश्यकता है।

मिथुन –आज अपने स्वास्थ्य को लेकर ज्यादा चिंता न करें, क्योंकि इससे आपकी बीमारी और बिगड़ सकती है। पैसे कमाने के नए मौके मुनाफा देंगे। आपको पहली नजर में किसी से प्यार हो सकता है। घर में मरम्मत का काम या सामाजिक मेल–मिलाप आपको व्यस्त रखेगा। व्यापारियों के लिए अच्छा दिन है।

कर्क –दुश्मन की ताकत का अंदाजा लगाए बिना उलझना ठीक नहीं है। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करें। धर्म–कर्म में आस्था बढ़ेगी। विरोधी परास्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में विलंब संभव है। लाभ होगा। अपने प्रेमी या जीवनसाथी की नाराजगी का सामना करना पड़ सकता है।

सिंह –आज पुरानी गलतियों को लेकर भय बना रहेगा। साझेदारी में चल रहा गतिरोध दूर होने के आसार है। आयात–निर्यात के कारोबार में बड़ा लाभ संभव है। समान विचारधारा वाले लोगों के साथ काम करना आसान रहेगा। दूसरों की गलती अपने पर आ सकती है। काम में देरी से लाभ की मात्रा सीमित होगी।

कन्या –आज के दिन आपको सुख–समृद्धि, कार्यक्षेत्र में उन्नति, सुखद सफल यात्राएं, परिवार और जीवन साथी का सहयोग सब मिलने के आसार हैं। विवाहित व्यक्ति अपने जीवनसाथी में पूर्णतया विश्वास जतायें अन्यथा संबंधों में खटास पैदा हो सकती है। आपके कर्मक्षेत्र, आपके सम्मान व आपके नाम पर पडने के आसार हैं।

तुलाःआज भाग्य आपके साथ है। लंबे समय से चले आ रहे प्रेम संबंधों को नया रूप देने के लिए अच्छा मौका है। आज स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। अचानक सेहत बिगड़ सकती है और कई जरूरी काम भी रुक सकते हैं। परिवार के लोग आपसे थोड़े नाराज हो सकते हैं।

वृश्चिकः आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं, इससे बचने के लिए कहीं बाहर जाएं और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं।आज जिस नए समारोह में आप शिरकत करेंगे, वहाँ से नयी दोस्ती की शुरुआत होगी। आज आपका प्रिय आपके साथ में समय बिताने और तोहफे की उम्मीद कर सकता है।

धनुः आज आपके परिश्रम से किए गए कार्य में सिद्धि होगी। नौकरी में आप का सम्मान बढेगा। यात्रा के दौरान आप नयी जगहों को जानेंगे। और महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने प्रिय द्वारा कही गयी बातों के प्रति काफी संवेदनशील होंगे। अगर आप सूझ–बूझ से काम लें, तो आज अतिरिक्त धन कमा सकते हैं।

मकरः आज आपके आय के नए स्रोत बनेंगे। आकस्मिक धन के अवसर मिलेंगे। मित्रों और जीवनसंगिनी के सहयोग से राह आसान होगी। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। दफ्घ्तर का तनाव आपकी सेहत खराब कर सकता है। अपने जज्बात पर काबू रखें। आज आपको अपने प्रिय की याद सताएगी।


कुंभः आज आप करिअर से जुड़े फैसले खुद करें, बाद में इसका लाभ आपको मिलेगा। सहकर्मियों और कनिष्ठों के चलते चिंता और तनाव के क्षणों का सामना करना पड़ सकता है। माता–पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में कामयाब रहेंगे। आज दोस्तों के साथ बाहर घूमना आपके मन को खुशी देगा।

मीनः आज भाग्य पर निर्भर न रहें और अपनी सेहत को सुधारने की कोशिश करें। आप उन लोगों की तरफ वादे का हाथ बढ़ाएंगे, जो आपसे मदद की गुहार करेंगे। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है। यह दिन आपके सामान्य वैवाहिक जीवन से कुछ हटकर होने वाला है।

# शिवाजी के हिंदवी स्वराज का शासन मंत्र

–प्रो.संजय द्विवेदी

शिवाजी का नाम आते ही शौर्य और साहस की प्रतिमूर्ति का एहसास होता है। अपने सपनों को सच करके उन्होंने खुद को न्यायपूर्ण प्रशासक रूप में स्थापित किया। इतिहासकार भी मानते हैं कि उनकी राज करने की शैली में परंपरागत राजाओं और मुगल शासकों से अलग थी। वे सुशासन, समरसता और न्याय को अपने शासन का मुख्य विषय बनाने में सफल रहे। सन् 1674 में ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन शिवाजी का राज्याभिषेक हुआ। यह दिन हिंदू साम्राज्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। बिखरे हुए मराठों को एक सूत्र में पिरोकर उन्होंने जिस तरह अपने सपनों को साकार किया वह प्रेरित करने वाली कथा है। एक अप्रतिम सैनिक, कूटनीतिज्ञ, योद्धा के साथ ही वे कुशल रणनीतिकार के रूप में भी सामने आते हैं। वे अपनी मां जीजाबाई और गुरू के प्रति बहुत श्रद्धाभाव रखते थे। शायद इन्हीं समन्वित मानवीय गुणों से वे ऐसे शासक बने जिनका कोई पर्याय नहीं है।



इतिहासकार ईश्वरी प्रसाद कहते हैं– ष्प्रशासन की उनकी प्रणाली कई क्षेत्रों में मुगलों से बेहतर थी।ष इतिहास के पन्नों में ऐसा शासक कभी–कभी आता है, जिसने लोकमन में जगह बनाई हो। शिवाजी एक ऐसे शासक हैं जिनके प्रति उनकी प्रजा में श्रद्धाभाव साफ दिखता है क्योंकि लोकमंगल ही उनके शासन का मूलमंत्र था। उनकी राज्य प्रणाली, प्रशासन में आम आदमी के लिए, स्त्रियों के लिए, कमजोर वर्गों के लिए ममता है, समरसता का भाव है। वे न्यायपूर्ण व्यवस्था के हामी हैं। प्रख्यात इतिहासकार डा. आरसी मजूमदार की मानें तो षशिवाजी न केवल एक साहसी सैनिक और सफल सैन्य विजेता थे,बल्कि अपने लोगों के प्रबुद्ध शासक भी थे।ष बाद के इतिहासकारों ने तमाम अन्य भारतीय नायकों की तरह शिवाजी के प्रशासक स्वरूप की बहुत चर्चा नहीं की है। आज भारतीय पुर्नजागरण का समय है और हमें अपने ऐसे नायकों की तलाश है, जो हमारे आत्मविश्वास को बढ़ा सकें। ऐसे समय में शिवाजी की शासन प्रणाली में वे सूत्र खोजे जा सकते हैं, जिससे देश में एकता और समरसता की धारा को मजबूत करते हुए समाज को न्याय भी दिलाया जा सकता है।शिवाजी अपने समय के बहुत लोकप्रिय शासक थे। उन पर जनता की अगाध आस्था दिखती थी। साथ ही उनके राजतंत्र में बहुत गहरी लोकतांत्रिकता भी दिखती है। क्योंकि वे अपने विचारों को थोपने के बजाए या श्राजा की बात भगवान की बात हैय ऐसी सोच के बजाए अपने मंत्रियों से सलाहें लेते रहते थे। विचार–विमर्श उनके शासन का गुण हैं। जिससे वे शासन की लोकतांत्रिक चेतना को सम्यक भाव से रख पाते हैं।

शिवाजी ऐसे शासक हैं जो सत्ता के विकेंद्रीकरण की वैज्ञानिक विधि पर काम करते हुए दिखते हैं। समाज के सभी वर्गों,जातियों, सामाजिक समूहों की अपनी सत्ता में वे भागीदारी सुनिश्चित करते हैं, जिनमें मुसलमान भी शामिल हैं। उन्होंने मंत्रियों को अलग–अलग काम सौंपे और उनकी जिम्मेदारियां तय कीं ताकि अनूकूल परिणाम पाए जा सकें। वे परंपरा से अलग हैं इसलिए वे अपने नागरिकों या सैन्य अधिकारियों को कोई जागीर नहीं सौंपते। किलों( दुर्ग) की रक्षा के लिए उन्होंने व्यवस्थित संरचनाएं खड़ी की ताकि संकट से जूझने में वे सफल हों। रक्षा और प्रशासन के मामलों को उन्होंने सजगता से अलग–अलग रखा और सैन्य अधिकारियों के बजाए प्रशासनिक अधिकारियों को ज्यादा अधिकार दिए। उनकी यह सोच बताती है नागरिक प्रशासन उनकी चिंता के केंद्र में था। उन्होंने राजस्व प्रणाली में व्यापक सुधार करते हुए किसानों से सीधा संपर्क और संवाद बनाने में सफलता पाई। उन्होंने केंद्रीय प्रशासन और प्रांतीय प्रशासन की साफ रचना खड़ी और उनके अधिकार व कर्तव्य भी सुनिश्चित किए। उन्होंने श्अष्ट प्रधान्य नाम से केंद्रीय मंत्रियों की टोली बनाई जिसमें आठ मंत्री थे। उनमें कुछ पेशवा कहे गए जो वरिष्ठ थे। चार प्रांतों विभक्त शिवाजी की राज्य रचना एक अनोखा उदाहरण थी। प्रत्येक प्रांत को जिलों और गांवों में बांटा गया था। गांव का प्रमुख देशपाण्डेय या पटेल कहलाता था। शिवाजी गांवों में राजस्व प्रणाली को वैज्ञानिक बनाने का काम किया और उनको किसानों के लिए उपयोगी बनाया। इस व्यवस्था में किसान किस्तों में भी भुगतान कर सकते थे। राज्यस्व अधिकारियों पर नियंत्रण रहे इसलिए नियमित उनके खातों की गहन जांच भी की जाती थी। उन्होंने न्यायिक प्रशासन को भी जवाबदेह बनाया।

शिवाजी स्वयं योद्धा थे। जाहिर तौर पर उनकी सैन्य प्रणाली बहुत अग्रगामी थी। पूर्व की परंपरा में सैनिक छरू माह काम करते थे फिर छरू माह दूसरे कामों से अपना जीवन यापन करते थे। शिवाजी ने नियमित सेना को स्थापित किया, उन्हें पूरे साल सैनिक जीवन जीना होता था। सैनिकों को नियमित भुगतान के साथ उनकी योग्यता और देशभक्ति के आधार पर जगह मिलने लगी। शिवाजी ने लगभग 280 किलों के माध्यम से अभेद्य रचना खड़ी की। उनकी सेना में कठोर अनुशासन था। सेना में सभी वर्गों के सैनिक थे। 700 से अधिक मुस्लिम भी उनकी सेना में थे।अपने सैनिकों को उन्होंने गुरिल्ला युद्ध में प्रशिक्षित कर बड़ी सफलताएं पाईं। मृत सैनिकों के परिजनों का खास ख्याल रखा जाता था। इसके साथ ही उन्होंने बहुत अनुशासित सेना खड़ी की। सेना में अनुशासन बनाए रखने के लिए शिवाजी बहुत सख्त थे। महिलाओं और बच्चों को मारना या प्रताड़ित करना, ब्राह्मणों को लूटना, खेती को खराब करना आदि युद्ध के दौरान भी दंडनीय अपराध था थे। अनुशासन के रखरखाव के लिए विस्तृत नियम सख्ती से लागू किए गए थे। किसी भी सैनिक को अपनी पत्नी को युद्ध के मैदान में ले जाने की अनुमति नहीं थी। शिवाजी ने अपनी सेना को सब तरह से सुसज्जित किया जिसमें छह विभाग थे। जो इस प्रकार हैं– घुड़सवार सेना, पैदल सेना, ऊंट और हाथी बटालियन, तोपखाने और नौसेना। यह विवरण बताता है कि उनका राज्यतंत्र किस तरह लोगों की सुरक्षा और शांति के लिए काम कर रहा था। वे प्रेरित करने वाले नेता था। इसलिए उनकी शक्ति बढ़ती चली गयी।उनके कट्टर दुश्मन औरंगजेब को स्वयं स्वीकार करना पड़ा कि ष्मेरी सेनाओं को उन्नीस वर्षों से उनके खिलाफ काम में लगाया गया है और फिर भी उनकी (शिवाजी की) स्थिति हमेशा बढ़ती रही है।षशिवाजी जी ने अपनी जंग मुगलों के विरूद्ध लड़ी, किंतु वे सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय के मंत्रदृष्टा थे। उन्होंने कभी किसी जाति और धर्म के विरूद्ध कभी कुछ न किया, न ही कहा। उनके शासन में सभी सुखी थे क्योंकि वे सबको अपना मानते थे। अपनी आठ सदस्यीय केंद्रीय मंत्रिपरिषद में उन्होंने सात ब्राम्हणों को जगह दी। वे बेहद सहिष्णु हिंदू शासक थे। उन्होंने साफ कहा कि वे हिंदुओं, ब्राम्हणों और गायों के रक्षक हैं। उन्होंने सभी पंथों और उनके ग्रंथों के प्रति अपना सम्मान प्रदर्शित किया। किसी मस्जिद को अपने राज में कभी कोई नुकसान नहीं पहुंचाया न पहुंचने दिया। युद्ध के दौरान महिलाओं और बच्चों के सम्मान और सुरक्षा उनकी चिंता का मूल विषय थे।

मुस्लिम महिलाओं को सम्मान देने की उनकी अनेक कथाएं बहुश्रुत हैं। उन्होंने मुस्लिम विद्वानों और आलिमों को हमेशा आर्थिक मदद दी। सरकारी विभागों में उन्होंने मुस्लिम अधिकारियों को नियुक्त किया। औरंगजेब द्वारा सभी हिंदुओं पर जजिया कर लगाने पर शिवाजी ने उसे एक पत्र भी लिखा। बहुत खराब सामाजिक परिस्थितियां और मुगल शासकों द्वारा हिंदु विरोधी कृत्यों के बाद भी शिवाजी ने अपने राज्य में मुस्लिम जनता को कभी पराएपन का एहसास नहीं होने दिया और उनका संरक्षण किया। उन्होंने यह नियम ही बना दिया था कि किसी भी युद्ध, छापामार युद्ध में महिलाओं, मस्जिदों और पवित्र पुस्तक कुरान को कोई नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।शिवाजी ऐसे भारतीय शासक के रूप में सामने आते हैं, जिसने अपनी बाल्यावस्था में जो सपना देखा, उसे पूरा किया। भारतीय समाज में आत्मविश्वास का मंत्र फूंका और भारतीय लोकचेतना के मानकों के आधार पर राज्य संचालन किया। मूल्यों और अपने धर्म पर आस्था रखते हुए उन्होंने जो मानक बनाए वे आज भी प्रेरित करते हैं। ऐसे महापुरुष सदियों में आते हैं, जिनका व्यक्तित्व और कृतित्व लंबे समय तक लोगों के लिए आदर्श बन जाता है।

# शांति शिखर सम्मेलन

रूस यूक्रेन युद्ध की समाप्ति का रास्ता तलाशने के उद्देश्य से इस सप्ताह के अंत में स्विट्जरलैंड में एक शांति शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें करीब 90 देशों ने हिस्सा लिया।विश्लेषकों का मानना है कि दो वर्षों के बाद युद्ध विराम को लेकर आयोजित इस शांति शिखर सम्मेलन का उद्देश्य यथार्थपरक है, लेकिन यह आकलन वास्तविकता से कई अर्थो में भिन्न है। सम्मेलन में करीब 100 प्रतिनिधिमंडल आये थे, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी देशों से थे और ये सभी रूस विरोधी थे। यह शिखर सम्मेलन युद्ध विराम और शांति स्थापित करने के उद्देश्य से कोसों दूर इसलिए भी रहा है इसमें रूस को आमंत्रित ही नहीं किया गया।रूस सबसे महत्त्वपूर्ण हितधारक है और जब तक रूस और यूक्रेन वार्ता की मेज पर एक साथ नहीं बैठेंगे तब तक शांति का कोई परिणाम ही सामने नहीं आएगा। इस शांति शिखर सम्मेलन से ठीक पहले जी–7 देशों के सम्मेलन में दुश्मन देश रूस की जब्त 4177 अरब रुपए की संपत्ति यूक्रेने को देने की घोषणा की गई है। यूक्रेन को एक तरफ नाटो देश हथियार दे रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिका लगातार फंड दे रहा है। अमेरिका बार–बार कह रहा है कि यूक्रेन को इस तरह की मदद लगातार मिलती रहेगी।अब अगर जी–7 देशों की घोषणा के मुताबिक रूस की जब्त संपत्ति यूक्रेन को दी गई तो एक नया मोर्चा खुल जाएगा। यह दो दिवसीय शांति सम्मेलन था। अंतिम दिन यानी रविवार को एक साझा बयान जारी किया गया जिसमें यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार रखने की शर्त को मुख्य आधार बनाया गया है।भारत सहित 12 देशों ने इस शर्त को नामंजूर करते हुए साझा बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। इन देशों का मानना है कि इस शर्त से टकराव की स्थिति बनी रहने की आशंका है। भारत ने सार्वजनिक रूप से कभी भी रूस को आक्रामक देश नहीं कहा है जैसा कि पश्चिमी देश मानते हैं।पिछले दिनों एक जनमत सव्रेक्षण में यह बात सामने आई थी कि यूक्रेन की एक बड़ी आबादी का विजय के संदर्भ में निराशावादी रुख है। वे सीमित युद्ध परिणामों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। यह भी सत्य है कि दो साल से जारी इस भीषण युद्ध के बाद भी जेलेंस्की और पुतिन दोनों के लिए विजय मृगतृष्णा बनी हुई है। युद्ध विराम और शांति स्थापित करने के लिए पश्चिमी देशों को स्वप्नद्रष्टा होने की बजाय जमीनी हकीकत को समझना होगा।

# पाक के नापाक इरादों को तो कुचलना ही होगा

आर.के. सिन्हा

बीती 26 जुलाई को देश ने कारगिल विजय दिवस मनाया। जाहिर है, इस मौके पर उन शूरवीरों को देश ने भारी मन से और कृतज्ञता के भाव से याद किया, जिन्होंने देश के लिए अपनी जानों का नजराना दिया था। कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर बीते शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। वे कारगिल वॉर मेमोरियल भी गए। करीब 20 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री जी ने कहा– पाकिस्तान प्रॉक्सी वॉर के जरिए चर्चा में बना रहना चाहता है। उन्होंने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा। अतीत में आतंकवाद को लेकर उनके हर प्रयास विफल रहे। मैं जहां खड़ा हूं, वहां से आतंक के आकाओं तक मेरी आवाज पहुंच ही रही होगी। उनके मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।

भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्द परमाणु युद्ध के खतरे के साये में लड़ा गया था। अब यह स्थापित हो चुका है कि जनरल परवेज मुशर्रफ की अगुवाई में पाकिस्तानी सेना ने भारत को युद्ध में धकेला था। उन्होंने नियंत्रण रेखा (एलओसी) के कारगिल क्षेत्र के कुछ हिस्सों पर चुपके से कब्जा भी कर लिया था, जबकि दोनों देशों के तत्कालीन राजनीतिक नेतृत्व शांति स्थापना के प्रयासों में जुटे थे। इसमें फरवरी 1999 में लाहौर घोषणा पर हस्ताक्षर भी शामिल था।

तमाम जटिल बाधाओं के बावजूद, भारतीय सेना और वायु सेना ने एक ऐसा अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप आतंकवादियों के वेश में पाकिस्तानी नियमित सैनिकों को खदेड़ दिया गया। भारतीय सैनिकों ने बलपूर्वक अपनी एक–एक इंच जमीन को भी वापस लिया। जबकि, वायु सेना ने दुश्मन की लॉजिस्टिक सुविधाओं और पहाड़ी किलों को निशाना बनाया।कारगिल में बुरी तरह मार खाने के बाद भी पाकिस्तान सुधरा नहीं। पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कारगिल से मिले सबक का इस्तेमाल अन्य अपरंपरागत अभियानों को अंजाम देने के लिए किया, जिसमें 2008 के मुंबई हमले, 2016 में पठानकोट और उरी में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले और 2019 का पुलवामा आत्मघाती हमला भी शामिल हैं। इन हमलों में पाकिस्तान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों की भूमिका साफ नजर आ रही थी।

कारगिल और उसके बाद के घटनाक्रमों से साफ था कि पाकिस्तानी सेना ही अपने राजनेताओं द्वारा किये जा रहे शांति के प्रयासों को विफल कर रही है। कारगिल युद्ध के बाद ही परवेज मुर्शरफ राजधानी दिल्ली आए। वे पाकिस्तान की संभवतरू पहली बड़ी शख्सियत थे, जो महात्मा गांधी की समाधि राजघाट में पहुंचे थे। यह 17 जुलाई, 2001 की बात है। वे जब भारत आए तब उन्हें सारा भारत कारगिल की जंग की इबारत लिखने वाला ही मानता था। जाहिर है कि इसी कारण उनसे देश नाराज था। बेशक, मुशर्रफ ने अपनी राजनीतिक आकांक्षाओं को परवान चढ़ाने के लिए कारगिल का युद्ध छेड़ा था। उस समय वह पाकिस्तान आर्मी के चीफ थे। अपनी आत्मकथा श्इन द लाइन ऑफ फायरश में उन्होंने लिखा है कि पाकिस्तानी सेना कारगिल युद्ध में शामिल थी। हालांकि, इससे पहले पाकिस्तान इस तथ्य को छिपाताऔर झुठलाता ही रहा था। दिल्ली में 1943



में जन्में मुशर्रफ ने हार की शर्मिंदगी से बचने के लिए पूरी जिम्मेदारी तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर डाल दी थी। चूंकि दिल्ली उनका जन्म स्थान था, इसलिए उनकी उस पहली भारत यात्रा को लेकर जिज्ञासा का भाव भी था। वे जब इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर उतरे तो राजधानी दिल्ली में झमाझम बारिश हो रही थी। उनका राजधानी में पहला अहम कार्यक्रम राजघाट में जाकर महात्मा गांधी को श्रद्लांजलि देना था। वे जब राजघाट पहुंचे तब भी बारिश ने उनका पीछा नहीं छोड़ा था। खबरिया चौनलों से दिखाई जाने वाली तस्वीरों से साफ लग रहा था कि वे राजघाट में बेहद तनाव में थे। उन्होंने वहां पर विजिटर्स बुक में लिखा– ”महात्मा गांधी जीवनभर शांति के लिए कोशिशें करते रहे।” कुछ ग्राफोलोजिस्ट ( हैंड राइटिंग के विशेषज्ञों) ने परवेज मुर्शरफ की हैंड राइटिंग का अध्ययन करने के बाद दावा किया था कि मुशर्रफ के राजघाट पर विजिटर्स बुक पर लिखते वक्त हाथ कांप रहे थे और वे तनाव में थे।

दरअसल युद्ध हथियारों से ज्यादा हौसलों से लड़े जाते हैं। यह देश ने कारगिल के समय देखा था। सेना तो लड़ती ही है, उसे सारे देश का साथ भी मिलना चाहिए। कारगिल में पाकिस्तान के छल से सारा देश गुस्से में था। कारगिल एक ऐसा युद्ध था जो विश्व की सबसे मुश्किल लड़ाइयों में से एक माना जाता है। भारत के वीर योद्धाओं ने दुश्मन पाकिस्तान को दुर्गम पहाड़ियों की चोटियों से खदेड़ दिया था। हालांकि कारगिल की जंग को जीतने के लिए हमारे लगभग साढ़े पांच सौ शूरवीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया था। उनमें परमवीर चक्र विजेता कैप्टन विक्रम बत्रा भी थे। कैप्टन विक्रम बत्रा ने साहस और शौर्य की लंबी रेखा खींची थी। दुश्मन उनके नाम से कांपते थे। विक्रम ने जुलाई 1996 में भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून में प्रवेश लिया। दिसंबर 1997 में प्रशिक्षण समाप्त होने पर उन्हें 6 दिसम्बर 1997 को जम्मू के सोपोर में सेना की 13 जम्मू–कश्मीर राइफल्स में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली। उन्होंने 1999 में कमांडो ट्रेनिंग के साथ कई प्रशिक्षण भी लिए। पहली जून 1999 को उनकी टुकड़ी को कारगिल युद्ध में भेजा गया। हम्प व राकी नाब स्थानों को जीतने के बाद विक्रम को कैप्टन बना दिया गया।

इसके बाद श्रीनगर–लेह मार्ग के ठीक ऊपर सबसे महत्त्वपूर्ण 5140 चोटी को पाक सेना से मुक्त करवाने की जिम्मेदारी कैप्टन बत्रा की टुकड़ी को मिली। कैप्टन बत्रा अपनी कंपनी के साथ घूमकर पूर्व दिशा की ओर से इस क्षेत्र की तरफ बढ़े और बिना शत्रु को भनक लगे हुए उसकी मारक दूरी के भीतर तक पहुंच गए। कैप्टन बत्रा ने अपने दस्ते को पुर्नगठित किया और उन्हें दुश्मन के ठिकानों पर सीधे आक्रमण के लिए प्रेरित किया। सबसे आगे रहकर दस्ते का नेतृत्व करते हुए उन्होनें बड़ी निडरता से शत्रु पर धावा बोल दिया और आमने–सामने की लड़ाई में शत्रु सेना के चार जवानों को मार डाला। बेहद दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद विक्रम बत्रा ने अपने साथियों के साथ 20 जून 1999 को सुबह तीन बजकर 30 मिनट पर इस चोटी को अपने कब्जे में ले लिया।कैप्टन विक्रम बत्रा ने जब इस चोटी से रेडियो के जरिए अपना विजय उद्घोष ‘यह दिल मांगे मोर’ कहा तो सेना ही नहीं बल्कि पूरे भारत में उनका नाम छा गया। इसी दौरान विक्रम के कोड नाम शेरशाह के साथ ही उन्हें ‘कारगिल का शेर’ कहा जाने लगा। कारगिल में कैप्टन विक्रम बत्रा जैसा पराक्रम सारे भारतीय सैनिकों ने दिखाया था। बेशक, कारगिल की हार से पाकिस्तान की आंखें नहीं खुलीं। वह अब भी भारत के खिलाफ रणनीति बनाता ही रहता है। भारत को उसकी नापाक हरकतों पर हर वक्त पैनी नजर तो रखनी ही होगी।

## मातृनवमी पर विद्यालय में पौधरोपण

प्रयागराज। मातृ नवमी पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत



अनिल कुमार चीफ वार्डन सिविल डिफेन्स एवं पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज कमलानगर के प्रधानाचार्य तथा शिक्षकध शिक्षिकाओं की ओर से विद्यालय परिसर में आज पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर चीफ वार्डन अनिल कुमार ने विद्यालय को एक स्टील आलमारी एवं माइक का इम्प्लीफायर प्रदान किया। आज का दिन विद्यालय के लिए विशेष शुभ इसलिए भी रहा कि मण्डल स्तर पर आयोजित टीएलएम प्रतियोगिता में अविनाश द्विवेदी प्रवक्ता जीव विज्ञान का मॉडल पूरे मण्डल में प्रथम रहा। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत एवं संचालन डॉ प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। डॉ प्रभाकर त्रिपाठी के प्रयास से सामुदायिक सहयोग द्वारा विद्यालय को दो कम्प्यूटर सेट, दो आलमारी, इन्वर्टर सेट, फर्नीचर सहित जिलाधिकारी की स्वीकृति से बाउंड्री वाल का निर्माण हुआ। विज्ञान के क्षेत्र में विद्यालय की छात्रा कुमारी संध्या सरोज का चयन जापान भ्रमण के लिए हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र का यह विद्यालय निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ रहा है। वर्तमान सत्र में विद्यार्थियों की नामांकन संख्या में 150 की वृद्धि हुयी है। क्षेत्र वासी विद्यालय के प्रगति पथ पर बढ़ने से उत्साहित है।

## मध्यवायु कमान का कार्यभार ग्रहण किया।

प्रयागराज। एयर कमोडोर मनीष सिन्हा ने बुधवार को (25 सितंबर 2024) वायु सेना स्टेशन बमरौली की कमान संभाली। 21 जून 1993 को कमीशन, एयर कमोडोर मनीष सिन्हा एक हेलिकॉप्टर पायलट और एक योग्य फ्लाइंग प्रशिक्षक हैं। उनके पास चेतक, एएलएच



और मिग 21 टी –77 पर लगभग 4050 घंटे का उड़ान का अनुभव है। वह नेशनल डिफेंस एकेडमी, खडाकवासला, पुणे के पूर्व छात्र है। उन्होंने भारत और विदेशों में विभिन्न ऑपरेशनल और स्टाफ नियुक्तियों पर कार्यरत रहे हैं, जिसमें सूडान में यूनाइटेड नेशन पीस कीपिंग मिशन के लिए प्रतिनियुक्ति शामिल है और मॉरीशस में भारतीय वायु सेना प्रशिक्षण टीम का नेतृत्व किया है। उन्होंने पश्चिम में एक फ्रंटलाइन हेलीकॉप्टर स्क्वाड्रन और पूर्व में एक एयरबेस की कमान संभाली है। उनकी पिछली नियुक्ति मुख्यालय आईडीएस में रही है, जहां उन्होंने रक्षा सेवाओं में एकीकृत संचालन में बेहद योगदान दिया।


## त्योहार विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये त्योहार विशेष रेलगाड़ियों के संचालन किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी संख्या 04062/04061 आनन्द विहार (ट.)-बरौनी आरक्षित त्योहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 04062 आनन्द विहार (ट.)-बरौनी | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 04061 बरौनी-आनन्द विहार (ट.) | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 09:00 | आनन्द विहार (ट.) | 10:10 | ---- |
| 10:46 | 10:48 | अलीगढ़ | 06:58 | 07:00 |
| 12:13 | 12:15 | टूण्डला | 05:20 | 05:22 |
| 13:20 | 13:22 | इटावा | 04:13 | 04:15 |
| 15:20 | 15:25 | कानपुर सेंट्रल | 02:30 | 02:35 |
| 06:30 | ---- | बरौनी | ---- | 08:00 |

गाड़ी संरचना - वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 16

आनन्द विहार (ट.) से : गाड़ी संख्या 04062, प्रत्येक रविवार, दिनांक 06, 13, 20, 27 अक्टूबर 2024 एवं 03, 10, 17 नवम्बर 2024

बरौनी से : गाड़ी संख्या 04061, प्रत्येक सोमवार, दिनांक 07, 14, 21, 28 अक्टूबर 2024 एवं 04, 11, 18 नवम्बर 2024

**गाड़ी संख्या 02246/02245 हज़रत निज़ामुद्दीन-पटना आरक्षित त्योहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 02246 हज़रत निज़ामुद्दीन-पटना | | स्टेशन | गाड़ी संख्या - 02245 पटना-हज़रत निज़ामुद्दीन | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:55 | हज़रत निज़ामुद्दीन जं. | 10:50 | ---- |
| 07:15 | 07:25 | गोविन्दपुरी | 03:20 | 03:25 |
| 10:05 | 10:10 | प्रयागराज जं. | 00:20 | 00:25 |
| 16:40 | ---- | पटना जं. | ---- | 18:05 |

गाड़ी संरचना - वातानुकूलित तृतीय श्रेणी- 11, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी- 05 एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी- 01

हज़रत निज़ामुद्दीन से : गाड़ी संख्या 02246, प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार, दिनांक 07, 09, 14, 16, 21, 23, 28, 30 अक्टूबर 2024 एवं 04, 06, 11, 13, 18, 20, 25, 27 नवम्बर 2024

पटना से : गाड़ी संख्या 02245, प्रत्येक मंगलवार एवं गुरुवार, दिनांक 08, 10, 15, 17, 22, 24, 29, 31 अक्टूबर 2024 एवं 05, 07, 12, 14, 19, 21, 26, 28 नवम्बर 2024

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1706/24(A)




# पर्यटक को सुखद यात्रा का अनुभव प्रदान करती एनसीआर

प्रयागराज। भारतीय रेल दुनिया के सबसे बड़े और अद्भुत रेल नेटवर्क में से एक है। इसका व्यापक रेल नेटवर्क देश की परिवहन प्रणाली की रीढ़ है, जो देश के दूर–दराज के कोनों को जोड़ता है और हर दिन लाखों यात्रियों की आवाजाही को सुविधाजनक बनाता है। इसके द्वारा दी जाने वाली सेवाएं देश के विविध परिदृश्यों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की विविधता से होकर गुजरती हैं और अपने सम्मानित यात्रियों को अपने माध्यम से सुंदर दृश्यों से जोड़ती हैं। एक यात्री हमारे जीवंत देश के दृश्यों, ध्वनियों और स्वादों का अनुभव करता है, जबकि हलचल भरे शहरों, सुंदर ग्रामीण इलाकों और प्राचीन स्थलों से गुजरता है। अपने व्यापक नेटवर्क और किफायती किराए के साथ, भारतीय रेलवे इस मनमोहक भूमि को देखने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है। उत्तर मध्य रेलवे असाधारण यात्रा अनुभवों को उपलब्ध कराने वाला एक माध्यम है। इस जोनल रेलवे का नेटवर्क मनमोहक परिदृश्यों, सुरम्य शहरों और ऐतिहासिक स्थलों से होकर गुजरता है। जोनल रेलवे द्वारा सेवित क्षेत्र में खूबसूरत स्थानों से गुजरते हुए ट्रेनें यात्रियों को देश के सबसे आश्चर्यजनक स्थलों तक ले जाती हैं। उत्तर मध्य रेलवे पर्यटकों और दैनिक यात्रियों दोनों की जरूरतों को पूरा करते हुए सुचारू और कुशल ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उत्तर मध्य रेलवे एक विशाल परिक्षेत्र को कवर करता है, जो उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा राज्यों की सेवा करता है, जिसमें प्रयागराज, आगरा, झांसी, कानपुर, धौलपुर, ग्वालियर और मथुरा जैसे महत्वपूर्ण शहर शामिल हैं। प्रयागराज में अपने मुख्यालय के साथ, उत्तर मध्य रेलवे तीन मुख्य रेल मार्गों के माध्यम से पर्यटकों को सेवित करता है। उत्तर मध्य रेलवे विंध्य वासिनी मंदिर, कड़ा धाम और गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली –राजापुर, कामदगिरि पर्वत, खजुराहो, रानी लक्ष्मी बाई की कर्मभूमि– झाँसी, आदि जैसे स्थानों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्थानों को देखने के लिए ढेर सारे विकल्प प्रदान करती है। प्रतिष्ठित ताजमहल का शहर आगरा, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा सेवा प्रदान किए जाने वाले प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। आगरा का रेलवे स्टेशन देश भर के पर्यटकों को इस यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल से जोड़ता है। इसी तरह, कुंभ मेले और अपने धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध प्रयागराज में त्योहारों के दौरान ट्रेन सेवाओं में वृद्धि होती है, जिसका कुशलतापूर्वक प्रबंधन उत्तर मध्य रेलवे द्वारा किया जाता है। उत्तर मध्य रेलवे के सभी क्षेत्र प्रीमियम ट्रेनों के माध्यम से पूरे देश से अच्छी तरह से जुड़े हुए हैं, जिनमें देश की सबसे तेज ट्रेन गतिमान, शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनें, लगभग सभी राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनें और भारतीय रेलवे का गौरव वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। गतिमान राष्ट्रीय राजधानी को आगरा और ग्वालियर के माध्यम से झांसी से जोड़ती है। राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनें आगरा, झांसी, कानपुर और प्रयागराज आदि को राष्ट्रीय राजधानी और राज्य की राजधानियों से जोड़ती हैं। उत्तर मध्य रेलवे जोन के महत्वपूर्ण स्थलों को 08 वंदे भारत ट्रेनें वाराणसी, नई दिल्ली, आगरा खजुराहो, लखनऊ, गोरखपुर, अयोध्या भोपाल और उदयपुर जैसे स्थानों से जोड़ रही हैं। सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों पर एग्जीक्यूटिव लाउंजध्बहुउद्देशीय कॉम्प्लेक्सधरिटायरिंग रूम, अत्याधुनिक वेटिंग रूम हैं। प्रयागराज जंक्शन पर स्लीपिंग पॉड विकसित किया गया है और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी विकसित किया जा रहा है। आईआरसीटीसी द्वारा संचालित प्रतिष्ठित पर्यटक ट्रेन महाराजा एक्सप्रेस आगरा और खजुराहो के लिए सेवा प्रदान करती है, जबकि पैलेस ऑन व्हील्स के गंतव्यों में से आगरा एक महत्वपूर्ण स्थान है। जैसे–जैसे राष्ट्र की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है और अधिक लोग रेलवे को अपने पसंदीदा परिवहन के साधन के रूप में चुन रहे हैं। इससे उत्तर मध्य रेलवे की भूमिका तेजी से महत्वपूर्ण होती जा रही है। ट्रेनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने और यात्रियों के लिए आरामदायक और सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के द्वारा, उत्तर मध्य रेलवे भारत के दिल में पर्यटकों और यात्रियों दोनों के लिए जीवन रेखा बना हुआ है।

# ईश्वर की प्राप्ति के लिए भक्ति का मार्ग ही सर्वश्रेष्ठ मार्ग है– बटुक जी





प्रयागराज। कृष्ण नगर श्रीप्राचीन दधिकान्दो मेला कमेटी त्रिवेणी मार्ग स्थित ज्ञान पुस्तकालय सभागार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्तम दिवस पर भक्तो को रसपान कराया। बटुक जी महाराज ने कहा कि रास पंचाध्यायी रासलीला श्रीमद्भागवत कथा का प्राण है। यह भक्त और भगवान के प्रेमभक्ति का पावन एवं पवित्र संगम का संदेश देती है। गोविन्द की प्राप्ति उनकी प्रेमभक्ति से प्राप्त होगी। मीडिया प्रभारी राजेश के अनुसार गुरुवार को रासलीला ,कंसवध, भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र, भगवान का स्वधामगमन एवं राजा परीक्षित परम गति की कथा का व्याख्यान हुआ। कमेटी के द्वारा श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मणी का विवाह उत्सव मनाया। महापौर गणेश केसरवानी, पूर्व पार्षद सविता केसरवानी, पूर्व छात्र नेता अंकुश शर्मा, मनीष केसरवानी, कृष्णा साहू, अजय जायसवाल, अमरेश जायसवाल, लल्लन जायसवाल, सुनील कुमार सोनू, रहे।

# भारत को शक्तिशाली बनाने के लिए भाजपा से जुड़े– रास सासद अमरपाल मौर्य

प्रयागराज। भाजपा राजरूपपुर मंडल के द्वारा भाजपा सदस्यता अभियान के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं काशी क्षेत्र की प्रभारी अमरपाल मौर्य भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर कालिंदीपुरम राजरूपपुर में जनसंपर्क किया और लोगों से भाजपा का सदस्य बनने के लिए निवेदन करते हुए भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाएं और लोगों से कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए और भारत को शक्तिशाली बनाने के लिए भाजपा से जुड़े इस अवसर राजेश केसरवानी ने बताया 242 लोगों को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाया गया। युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र मौर्य, महामंत्री वरुण केसरवानी, मंडल अध्यक्ष कौशिकी सिंह, राजेश केसरवानी दीपमाला, अनुज कुशवाहा, प्रशांत शुक्ला अमित गुप्ता, विजय सिंह,राकेश भारती रहे।




### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं0: 9620242025 दिनांकः 24.09.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/प्रयागराज निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डेरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| क्र.सं.: 1 | निविदा नं.: 9620242025-213 | अनुमानित लागत (रू. मैं): ₹ 6,46,87,539.2 |
| कार्य का नामः प्रयागराज - ट्रैफिक कॉलोनी में परित्यक्त 22-यूनिट टाइप-II एवं 04-यूनिट टाइप-III के स्थान पर 22-यूनिट टाइप-III एवं 04-यूनिट टाइप-IV क्वार्टर का निर्माण। | | |
| अमानत राशि (रू में): ₹ 4,73,400.00 | निविदा बंद होने की तिथिः 18.10.2024 को 15.00 बजे | |
| कार्य समापन की अवधि : 12 माह | कार्य की प्रकृति : बहुमंजिला भवन का निर्माण। | |
| क्र.सं.: 2 | निविदा नं.: 9620242025-214 | अनुमानित लागत (रू. मैं): ₹ 50,24,900.67 |
| कार्य का नामः DDU-GZB-PRYJ डिवीजन पर आरपीएफ बैरक/थाना का निर्माण/सुधार। | | |
| अमानत राशि (रू में): ₹ 1,00,500.00 | निविदा बंद होने की तिथिः 18.10.2024 को 15.00 बजे | |
| कार्य समापन की अवधि : 06 माह | कार्य की प्रकृति : कोई भी सिविल इंजीनियरिंग कार्य। | |

नोटः- (1) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1698/24(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. : 9820242025 दिनांक : 25.09.2024

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाऐं निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 23.10.2024 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| क्र. सं. 1, निविदा नं.: 217 | |
| कार्यों का विवरण : वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर/चतुर्थ/प्रयागराज के सेक्शन में वेल्डिंग पोर्शन तथा वेल्डिंग सामग्री की आपूर्ति का कार्य। | |
| अनुमानित मूल्य (₹): 1,30,81,357.51 | बयाने की रकम (₹): 2,15,400.00 |
| कार्य समापन की अवधि : 12 माह | निविदा खुलने की तिथि : 23.10.2024 |
| सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार : आरडीएसओ अनुमोदित फर्म से 52 किग्रा/60 किग्रा एलुमिनो थर्मिक वेल्डिंग भाग की आपूर्ति का कार्य। | |

बिड कैपेसिटी की अवश्यकता नही है। (1) ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। (2) उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा खुलने की तिथि दिनांक 23.10.2024 समय 13:30 बजे तक उपलब्ध है। (3) उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act-2000 के अन्तर्गत C.C.A द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। (4) निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर प्रमाणपत्र जैसा निविदा पत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। (5) किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। (6) निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-I के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अन्यथा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जायेगी एवं तदनुसार अविचारणीय होगी। 1707/24 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

### उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं:- 9720242025 दिनांक :-24.09.2024

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 24.10.2024 को 13.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है :-

| | |
|---|---|
| निविदा नं. : 216 | अनुमानित मूल्य (रू) : 40710000/- |
| कार्यों का विवरण : सहायक मण्डल इन्जीनियर / ट्रैक / उत्तर मध्य रेलवे / प्रयागराज मंडल में चरणबद्ध ऐरे अल्ट्रासोनिक परीक्षण (पीएयूटी) द्वारा एफबीडब्ल्यू का यूएसएफडी परीक्षण करना। | |
| बयाने की रकम (रू) : 353600/- | कार्य समापन की अवधि : 12 माह |
| निविदा खुलने की तिथि : 24.10.2024 | |

सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वाछनीय आधार : (1) फर्म के पास आरडीएसओ द्वारा सत्यापित पीएयूटी वेल्ड परीक्षक होना चाहिए। (2) फर्म के पास आईआरएस-टी-53 में वर्णित पारंपरिक यूटी विधि द्वारा वेल्ड परीक्षण के लिए आरडीएसओ प्रमाणित यूएसएफडी ऑपरेटर होंगे। उपरोक्त के अलावा ऑपरेटर के पास चरणबद्ध ऐरे अल्ट्रासोनिक वेल्ड परीक्षक के संचालन और डेटा विश्लेषण के लिए अपेक्षित प्रशिक्षण पूरा करने के बाद ओईएम द्वारा जारी योग्यता प्रमाण पत्र होना चाहिए। (3) फर्म के पास चरणबद्ध ऐरे अल्ट्रासोनिक वेल्ड परीक्षक द्वारा एफबी वेल्ड के अल्ट्रासोनिक परीक्षण के लिए आरडीएसओ सत्यापित गुणवत्ता आश्वासन योजना (क्यूएपी) होनी चाहिए। (4) आईआर नेटवर्क पर फर्म द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रस्तावित पीएयूटी वेल्ड परीक्षक को फ्लैश बट (एफबी) वेल्ड के यूएसएफडी परीक्षण के लिए किसी अन्य रेलवे नेटवर्क पर सेवा में होना चाहिए और कम से कम 5000 (एफबी) वेल्ड का संतोषजनक यूएसएफडी परीक्षण करना चाहिए। प्रदर्शन। फर्म को इस संबंध में 5000 एफबी वेल्ड के यूएसएफडी परीक्षण के संतोषजनक प्रदर्शन का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। (5) मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) फर्म निविदा में भाग लेने के लिए पात्र होगी। हालांकि यदि ओईएम फर्म भारत में स्थित नहीं है, तो कोई भी अधिकृत भारतीय सेवा प्रदाता या प्रतिनिधि निविदा में भाग ले सकता है। नोट : रेल वेल्ड के यूएसएफडी परीक्षण के कार्यों के लिए निविदाओं के लिए न्यूनतम तकनीकी पात्रता मानदंड को हटा दिया गया है संदर्भ आरबी पत्र संख्या 2017 ट्रैक पी 9(2) खंड III दिनांक : 07.03.2019)। हालांकि, वैध QAP निविदा खुलने की तारीख तक उपलब्ध है और इसे प्रस्ताव के साथ अपलोड किया जाएगा। क्यूएपी की वैधता पूरे अनुबंध अवधि के दौरान सुनिश्चित की जाएगी। वैध क्यूएपी के बिना ऑफर को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा।

नोट :- 1 आनलाइन निविदा खुलने की तिथि को 13:30 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 2 उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे तक निविदा खुलने की निधारित तिथि तक उपलब्ध है। 1696/24 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


## अभियान के प्रथम चरण में काशी क्षेत्र के अंतर्गत बने 16 लाख 5458 भाजपा सदस्य।

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी की चल रहे सदस्यता अभियान का प्रथम चरण 25 सितंबर को समाप्त होने तक प्रयागराज महानगर ने अपना निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि प्रयागराज महानगर के द्वारा प्रथम चरण का सदस्य बनाने का लक्ष्य 140000 आंकड़ा को प्राप्त करते हुए 142164, सदस्य बनाकर काशी क्षेत्र के टॉप टेन के तीसरे स्थान पर रहा और टॉप 10 की विधानसभा में प्रयागराज महानगर का 262 शहर उत्तरी विधानसभा 57732 सदस्य बनाकर प्रथम स्थान और 263 दक्षिणी विधानसभा 45457 सदस्य बनाकर छठवें एवं 261 से पश्चिम विधानसभा 38975 सदस्य बना कर 9 वें स्थान प्राप्त किया जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि काशी क्षेत्र के द्वारा सदस्यता अभियान के प्रथम चरण में कुल 16 लाख 5458 सदस्य बनाए गए हैं और काशी क्षेत्र के टॉप टेन के जिले के आंकड़े में प्रथम स्थान पर प्रतापगढ़ 172141, दूसरे स्थान पर मिर्जापुर 150581, तीसरे स्थान पर प्रयागराज महानगर 142164, चौथे स्थान पर गाजीपुर 133164 पांचवें स्थान पर चंदौली 131664, छठवें स्थान पर वाराणसी जिला 118620, सातवें स्थान पर वाराणसी कैंट 106561, आठवें स्थान पर सुल्तानपुर 92867, नवें स्थान पर भदोही 87981 दसवें स्थान पर जौनपुर 82705 सदस्य बना कर रहे 'इस अवसर प्रयाग महानगर के अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा ने प्रथम चरण के लक्ष्य को प्राप्त करने पर भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी और कहा कि सदस्यता अभियान के दोनों चरण मिलाकर 250000 प्लस का लक्ष्य निर्धारित है जिसमें से हम प्रथम चरण में 140000 प्लस का लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं और कार्यकर्ताओं की मेहनत से हम समय के पहले ही दूसरे चरण का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे और काशी क्षेत्र के जिले के टॉप 10 की सूची में प्रथम एवं प्रदेश के टॉप 10 की सूची में अपना स्थान प्राप्त करने के लिए पूरी ताकत लगा देंगे' 'प्रथम चरण की सफलता पूर्वक लक्ष्य प्राप्त करने पर कार्यकर्ताओं को पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र कुमार सिंह गौर, महापौर गणेश केसरवानी प्रदेश मंत्री अनामिका चौधरी, जिला प्रभारी महेश चंद्र श्रीवास्तव पूर्व उपमहापौर मुरारी लाल अग्रवाल पूर्व जिलाध्यक्ष रणजीत सिंह, शशि वार्ष्णेय, आदि ने दी बधाई।

## सदस्यता अभियान में प्रयागराज महानगर की सम्मानजनक गति बरकरार

प्रयागराज। सदस्यता अभियान का प्रथम चरण बीतने के बाद पूरे काशी प्रांत में प्रयागराज महानगर की सम्मानजनक स्थिति बरकरार है। प्रयागराज महानगर में तीन विधानसभा क्षेत्र हैं बावजूद इसके सदस्यता अभियान में महानगर अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने सदस्यता अभियान के प्रथम चरण तक कार्यकर्ताओं की मेहनत की प्रशंसा करते हुए उनसे और अधिक मेहनत व प्रयास करके प्रयागराज महानगर को प्रथम स्थान पर लाने की अपील की है। महानगर अध्यक्ष ने सभी 15 मंडलों के मंडल अध्यक्षों का आह्वान करते हुए कहा कि अपने अपने मंडलों में सघन सदस्यता अभियान चलाएं। मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र ने बताया कि ऑफ लाइन एवं ऑन लाइन माध्यम से लगातार सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

## योगी किसानों पर मेहरबान, लिए पांच बड़े फैसले

लखनऊ,(यूएनएस)। योगी सरकार ने प्रदेश के किसानों के लिए कई बड़े फैसले लिए हैं। इन फैसलों को राज्य के सभी जिलों में लागू किया जायेगा, जिससे किसानों को फायदा होगा।यूपी में किसानों के लिए 5 बड़े फैसले जिनमें क्रमशः उत्तर प्रदेश सरकार ने धान क्रय नीति को स्वीकृति देते हुए इसका लक्ष्य निर्धारित कर दिया है। इस बार 70 लाख टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है।यूपी सरकार ने इस बार धान के न्यूनतम मूल्य में 117 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। अब धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी 2320 रुपये प्रति क्विंटल रखा गया है।यूपी सरकार ने आदेश देते हुए कहा है की पश्चिमी यूपी में एक अक्तूबर से और पूर्वी यूपी व मध्य यूपी में एक नवंबर से धान की खरीद शुरू हो जाएगी। धान के साथ मोटे अनाज की खरीद भी 1 अक्टूबर से शुरू करने जा रही है। इसको लेकर दिशा निर्देश जारी किया गया हैं। वहीं मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति क्विंटल, बाजरा का 2625 रुपये, ज्वार हाइब्रिड का 3371 व ज्वार मालवांडी का 3421 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

## वीपी सिंह के आदेश पर उत्तर प्रदेश में खूब हुए थे डकैतों के एनकाउंटर

लखनऊ,(यूएनएस)। यूपी में पुलिस मुठभेड़ पर सियासी दलों के बीच आरोप–प्रत्यारोप का एनकाउंटर जारी है। पहले भी पुलिस मुठभेड़ पर प्रदेश में खूब राजनीति हुई है।1980 में विश्वनाथ प्रताप सिंह यूपी के मुख्यमंत्री थे। उनके दो साल 39 दिन के कार्यकाल में एक हजार से ज्यादा एनकाउंटर हुए थे।


सम्पादक
सिद्धनाथ द्विवेदी
प्रबन्धक निदेशक
दीपक जयसवाल
सम्पादकीय कार्यालय
11ई/2, ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद



इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के आधीन होगा।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सिद्धनाथ द्विवेदी द्वारा काम्पीटेंट बिजनेस सर्विसेज विष्णु पदम कुटीर 115डी/2ई लूकरगंज, इलाहाबाद से मुद्रित एवं 399 कृष्णानगर कीडगंज से प्रकाशित।
सम्पादक–सिद्धनाथ द्विवेदी, आरएनआई नं. UPHIN/2007/22706 रजि.नं. AD-32/2008-09 ईमेलः amritkt.alld@gmail.com फोन नं. : 9453273951, 8799627062